देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 27 सितम्बर 2021। सीईटी–2021 में सफल परीक्षार्थियों के लिए प्रथम काउंसिलिंग की संभावित तिथि दिनांक 08 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गई है। काउंसिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होने की संभावित तिथि 30 सितम्बर 2021 होगी। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि दिनांक 05 अक्टूबर 2021 होगी। काउंसिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन एम.पी. ऑन लाईन के माध्यम से कराया जा सकता है।

सीईटी–2021 के रिजल्ट के साथ विद्यार्थी की ओपन रैंक एवं मार्कशीट पूर्व में घोषित की जा चुकी है। विद्यार्थी को काउंसिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन करने के समय उसकी कैटेगिरी आधारित (एससी, एसटी, ओबीसी, ई डब्ल्यू एस आदि वर्ग) रैंक पता चल सकेगी जिसके आधार पर विद्यार्थी संपूर्ण जानकारी से संबंधित प्रिंट आउट निकाल सकते हैं जो कि काउंसिलिंग में लाना आवश्यक होगा। काउंसिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन की विस्तृत जानकारी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय वेबसाईट www.dauniv.ac.in पर दिनांक 29 सितम्बर 2021 को शाम 05:00 बजे से उपलब्ध रहेगी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी